दिन–शनिवार | दिनांक– 31 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को दी चेतावनी। कहा – भारत किसी भी तरह का परोक्ष युद्ध बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकियों के मददगारों को भी चुकानी होगी भारी कीमत।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पहले दो दिन में ही कृषि वैज्ञानिकों का सात लाख से अधिक किसानों से हुआ सीधा संवाद।

03. मधुबनी की स्थानीय अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को सुनाई फांसी की सजा।

04. और, राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का किया तबादला। चंद्रशेखर सिंह बने पटना प्रमंडल के आयुक्त। त्यागराजन एस.एम. बने पटना के नए डीएम।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला भारत की नारी शक्ति को चुनौती थी और यह इस हमले की साजिश करने वालों के लिए मौत का संदेश साबित हुआ है। भोपाल में आयोजित जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि भारत किसी भी तरह का परोक्ष युद्ध बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसी किसी भी आतंकी कार्रवाई से सख्ती से निपटा जाएगा।

———बाइट———

ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध प्रोक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा, उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी थी लेकिन यही चुनौती उनके लिए और उनके आकाओं के लिए घातक साबित हुई। हमारी सेना ने सैकडों किलोमीटर भीतर जाकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में अब तक की सबसे बडी सफलता है।

———बाइट———

भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है और सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है और यही सिंदूर अब भारत की शौर्य का प्रतीक बना है।

---

भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क के कोपेनहेगन पहुंचा। श्री प्रसाद ने बताया कि आतंक के खिलाफ भारत की रणनिति को मिले रहे व्यापक समर्थन से पाकिस्तान घबरा गया है। उन्होंने कहा कि अब वे बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का भी विरोध कर रहे हैं, जो उनकी मानसिकता को दर्शाता है।

---बाइट---

---

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान को व्यापक सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि उनतीस मई से शुरू अभियान के पहले दो दिनों में ही सात लाख से अधिक किसानों से संवाद किया गया है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम गांव–गांव जाकर किसानों से संवाद कर रही है।

---बाइट---

---

मधुबनी की एक स्थानीय अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में दो दोषियों ओम प्रकाश झा और सुशील राय को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने इन दोनों पर एक लाख बीस हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह जघन्यतम अपराध है और इसमें शामिल लोग दया के पात्र नहीं हैं। अधिवक्ता सप्पन सिंह ने अदालत के फैसले की विस्तृत जानकारी दी।

---बाइट---

---

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने इस संबंध में राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की याचिका को आज खारिज कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित सुनवाई निचली अदालत में जारी रह सकती है। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी।

---

भारतीय पर्यटक अब चार लाख पच्चीस हजार रूपये तक की नकद भारतीय मुद्रा नेपाल ले जा सकेंगे। नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु प्रसाद पोडेल ने बजट भाषण में यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था हवाई और सड़क मार्ग से नेपाल आने वाले यात्रियों पर लागू होगी। इस निर्णय से नेपाल जाने वाले पर्यटकों को काफी लाभ होगा।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कई आईएएस अधिकारियों को पदोन्नती देते हुए नये स्थानों पर पदस्थापित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह को प्रमोशन देते हुए पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन को सारण प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। वहीं, गया के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. को पटना, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को गयाजी, सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार को दरभंगा, मधुबनी के जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा को मुंगेर का जिलाधिकारी बनाया गया है। कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार को सुपौल और बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को पूर्णिया का डीएम बनाया गया है। इसके अलावा कई अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों के जिलापदाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

---

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि बीस जून से शिक्षकों को स्थानांतरण का पत्र मिलना शुरू हो जाएगा। ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षक अपना नाम देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लंबित ट्रांसफर प्रक्रिया को गतिशील बनाने के लिए इसे पूरी तरह से डिजीटल और पारदर्शी बना दिया गया है।

–––बाइट–––

---

राष्ट्र, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम भारत के पहले

परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ सैंतालीस–अड़तालीस के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

जनवरी 1923 में हिमाचल प्रदेश में जन्मे मेजर सोमनाथ शर्मा फरवरी 1942 में सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। मेजर शर्मा ने अक्टूबर 1947 में जब पाकिस्तान के कबालियों ने जम्मू कश्मीर पर हमला किया तो उन्होंने घाटी की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। हाथ में प्लास्टर लगे होने के बावजूद मेजर सोमनाथ शर्मा चार कुमाऊं की डी कंपनी का नेतृत्व करने पर अड़े रहे, जिसे 31 अक्टूबर को हवाई मार्ग से श्रीनगर पहुंचा गया। 3 नवंबर को उनकी कंपनी को बडगाम के पास एक पोजीशन संभालने का काम सौंपा गया। उस दिन दोपहर में लगभग ढाई बजे उनकी टुकड़ी पर छोटे हथियारों, मोटार्र और भारी ऑटोमैटिक हथियारों से सुसज्जित दुश्मन के लगभग सात सौ सैनिकों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले से भारतीयों को काफी नुकसान हुआ। दुश्मन के इस घातक हमले के बावजूद अपने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए मेजर शर्मा अपने जवानों को डटे रहने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे। मेजर शर्मा जब दुश्मनों से लड़ रहे थे तभी उनके पास रखे गोला बारूद पर मोर्टार का एक गोल फट गया। इस हमले में युवा मेजर सोमनाथ शर्मा का कैरियर समाप्त हो गया। जिन्होंने अभी अपने जीवन के 25 साल भी पूरे नहीं किए थे। ब्रिगेड मुख्यालय को दिए अपने अंतिम संदेश में उन्होंने कहा कि मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा और आखिरी आदमी और आखिरी राउंड तक लडूंगा। बडगाम की लड़ाई में मेजर शर्मा एक जेसीओ और उनकी कंपनी के 20 अन्य रैंकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। मेजर सोमनाथ शर्मा को उनके शानदार नेतृत्व और बहादुरी के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

पटना और आस–पास के क्षेत्रों में आज दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। जिससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज और अररिया जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली और शिवहर जिले में विभिन्न स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

---

प्रदेश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना में सात लोगों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। इधर, कोविड के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज अस्पतालों में ऑक्सीजन अवसंरचना का मॉकड्रिल किया गया।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक कम्पार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा– दो हजार पच्चीस का परीक्षाफल जारी कर दिया है।

---

बिहार  भाजपा की ओर से नये प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पैंतीस पदाधिकारियों की आज सूची जारी की।

---

शिवहर जिले के पुरहनिया प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी झुनू मल्लिक को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक अतुल कुमार मंडल को एक वादी महिला के साथ गलत आचरण के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को दी चेतावनी। कहा – भारत किसी भी तरह का परोक्ष युद्ध बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकियों के मददगारों को भी चुकानी होगी भारी कीमत।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पहले दो दिन में ही कृषि वैज्ञानिकों का सात लाख से अधिक किसानों से हुआ सीधा संवाद।

03. मधुबनी की स्थानीय अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को सुनाई फांसी की सजा।

04. और, राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का किया तबादला। चंद्रशेखर सिंह बने पटना प्रमंडल के आयुक्त। त्यागराजन एस.एम. बने पटना के नए डीएम।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।